# बीएचईएल को उकाई थर्मल पावर स्टेशन, गुजरात के लिए स्टीम टर्बाइन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली, 19 जनवरी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने कड़ी प्रतिस्पर्धी बोली में ,उकाई थर्मल पावर स्टेशन (टीपीएस), गुजरात के लिए स्टीम टर्बाइनों के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण (आर एंड एम) का आर्डर प्राप्त किया है।

इस ऑर्डर का मूल्य लगभग 300 करोड़ रुपए है। बीएचईएल को यह ऑर्डर गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिया गया है। इसमें 200 मेगावाट यूनिट-3 और 210 मेगावाट यूनिट-5 का आर एंड एम कार्य किया जाना है। उल्लेखनीय है कि बीएचईएल इन टर्बाइन सेटों का मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) भी है। ये टर्बाइन सेट आर एंड एम किए जाने से पूर्व लगभग 40 वर्षों से सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं।

बीएचईएल द्वारा किया जाने वाला यह आर एंड एम कार्य, न केवल उकाई टीपीएस में यूनिट-3 और 5 के जीवनकाल एवं विश्वसनीयता को बढ़ा देगा; बल्कि तकनीकी अप्रचलन की समस्या को दूर कर, इन टर्बाइनों की दक्षता में भी सुधार करेगा, जिससे वे पर्यावरण के प्रति अधिक अनुकूल बनेंगे।

इस संविदा के अंतर्गत बीएचईएल को स्टीम टर्बाइनों एवं सहायक उपस्करों की डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, विखंडन, इरेक्शन, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य करना है।

परियोजना के उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल की हरिद्वार, तिरुचि, बेंगलुरु और भोपाल स्थित विनिर्माण इकाइयों द्वारा की जाएगी तथा कंपनी के पावर सेक्टर- पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर द्वारा साइट पर इसका निष्पादन किया जाएगा।

बीएचईएल ने अब तक 35,000 मेगावाट से अधिक थर्मल क्षमता की आर एण्ड एम परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है। इसमें बॉयलर रेट्रोफिट्स, सी एंड आई रेट्रोफिट्स, ईएसपी रेट्रोफिट्स, कंब्यूशन मॉडिफिकेशन पैकेज आदि सहित व्यापक आर एण्ड एम, रेट्रोफिट कार्य शामिल हैं। कंपनी के ग्राहकों में सभी प्रमुख केंद्रीय और राज्य प्रतिष्ठान जैसे एनटीपीसी, डीवीसी, एनएलसी, महाजेनको, आरआरवीयूएनएल, यूपीआरवीयूएनएल, टैनजेडको, टेसजेनको, एपीजेनको आदि शामिल हैं।

कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के 1,32,000+ मेगावाट (देश में स्थापित का ~57%) के अपने विशाल पोर्टफोलियो के साथ, बीएचईएल थर्मल यूटिलिटी परियोजनाओं के बाजार में निर्विवाद रूप से अग्रणी होने के साथ-साथ पुराने सेटों के आर एंड एम द्वारा उनके जीवनकाल एवं विश्वसनीयता में वृद्धि तथा दक्ष उन्नयन करने वाली कंपनियों में भी अग्रणी है। कंपनी को विविध ग्राहक श्रृंखला के साथ काम करने का अनुभव है। कंपनी थर्मल के साथ-साथ हाइड्रो सेट के व्यापक आर एंड एम सहित पुर्जों तथा गुणवत्तायुक्त सेवाओं की त्वरित उपलब्धता का प्रस्ताव करती है।

---